53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.0°c अधिकतम 24.0 °c

अमृतवाणी

उम्र से 'सम्मान' जरूर मिलता है पर 'आदर' केवल व्यवहार से ही मिलेगा।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

बीजेपी सरकार में दलाल, पैसों के बदले लोगों को अवैध रूप से विदेश भेज रहे हैं : अखिलेश यादव

सूर्योदय - 6:58, सूर्यास्त - 6:08 | वर्ष : 53/ अंक : 45 | शनिवार, 15 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

दूसरी सरकारों में क्या व्यवस्था थी ?.....

बेजुबानों पर बेरहमी से जिला अस्पताल के एम्बूलेंस चालकों ने सरियों से किये वार

एक फार्मेसिस्ट के इशारे पर कई बेजुबान श्वानों को बेरहमीं से मारा



मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। नई मण्डी की बेरहम महिला के बाद एक और प्रकरण बेजुबानों पर क्रूरता का सामने आया है। जिला चिकित्सालय में एक फार्मेसिस्ट के इशारे पर शुक्रवार को कई श्वानों को बेरहमी से पीटा गया। खून से लथपथ श्वान मीडिया के कैमरे में कैद हुए। गौ सेवक अमन ने इसकी सूचना मीडिया को दी और खुद इस प्रकरण में जिला चिकित्सालय के एम्बूलेंस चालकों व फार्मेसिस्ट के क्रूर चेहरे का पर्दाफाश किया। अमन के साथ आए कई कार्यकर्ताओं ने खुलकर आरोप लगाए कि यह सारा काम एक फार्मेसिस्ट के इशारे पर हुआ है, जिसमें बेजुबानों को लहूलुहान करके उन्हें इंसानों की एम्बूलेंस में भरकर पुरकाजी क्षेत्र में छोड़ने का काम भी किया गया है। कुछ श्वान साफ तौर पर जिला चिकित्सालय में खून से लथपथ बिलबिलाते दिखाई दिये। सरियों की मार के कारण किसी के मुंह से, किसी की कमर और किसी की टांगों से खून साफ रिसता दिखाई दिया। गौसेवकों के द्वारा हंगामा खड़ा करने के बाद वहां भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी मगर इसके बावजूद भी एम्बूलेंस चालक कुछ भी स्वीकारने को तैयार नहीं थे। इसकी शिकायत गौसेवकों द्वारा सीएमओ सुनील तेवतिया से की गयी और शहर कोतवाली में कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी गयी। अक्षय शर्मा के अनुसार इस मामले की जांच के बाद विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

देर रात विवाह समारोह में युवक को लगी गोली

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुराल में शुक्रवार की देर रात विवाह समारोह के दौरान युवक राहुल पुत्र छोदा को हाथ में गोली लग गयी, जिसे घायलावस्था में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर अवस्था में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। बताया जाता है कि हर्ष फायरिंग के दौरान उक्त गोली युवक को जा लगी थी।

संभल हिंसा: उपद्रवियों के पोस्टर पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों चिपकाए

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसी)। संभल पुलिस ने जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल करने वाले 74 अज्ञात उपद्रवियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए हैं। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि इन उपद्रवियों की पहचान बताने पर इनाम दिया जाएगा और पहचान गुप्त रखी जाएगी। पुलिस को इनकी गिरफ्तारी से बवाल से जुड़े अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में शामिल 74 उपद्रवियों के पोस्टर शुक्रवार की शाम को संभल कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए हैं। यह उपद्रवी वह हैं, जिनकी पहचान पुलिस बवाल के बाद से अब तक नहीं कर सकी है। माना जा रहा है कि यह उपद्रवी बवाल करने के लिए बाहर से आए थे। इसलिए पहचान होने में मुश्किल हो रही है। इन उपद्रवियों की पहचान बताने पर पुलिस द्वारा इनाम भी दिया जाएगा। इसकी घोषणा पोस्टर पर की गई है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई का कहना है कि जिन उपद्रवियों के पोस्टर चस्पा किए गए हैं। इनके नाम और पते की तस्दीक पुलिस की छानबीन में नहीं हो सकी है।

अमेरिका ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को दी मंजूरी



नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेजबानी की। प्रेस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत को सौंपने की मंजूरी दे दी है। ट्रंप ने कहा कि तहव्वुर राणा को भारतीय न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। दोनों लीडर्स ने आतंकवाद और अलगावावाद से निपटने पर क्या कहा डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी राणा को भारत लाया जाएगा।

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ पार

महाकुम्भ नगर, 14 फरवरी (वार्ता) तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम 'महाकुम्भ 2025' में अब तक पचास करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगायी है। यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है। यूएस सेंसस ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया के 200 से अधिक राष्ट्रों में जनसंख्या के दृष्टिकोण से टॉप 10 देशों में क्रमशः भारत (1,41,93,16,933), चीन (1,40,71,81,209), अमेरिका (34,20,34,432), इंडोनेशिया (28,35,87,097), पाकिस्तान (25,70,47,044), नाइजीरिया (24,27,94,751), ब्राजील (22,13,59,387), बांग्लादेश (17,01,83,916), रूस (14,01,34,279) और मैक्सिको (13,17,41,347) शामिल हैं। वहीं महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की अबतक की संख्या (50 करोड़ पार) को देखा जाए तो केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक है। अमेरिका, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया, ब्राजील, बांग्लादेश, रूस और मैक्सिको की जनसंख्या भी इससे कहीं पीछे है। ये दिखाता है कि महाकुम्भ अब केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह सनातन धर्म के विराट स्वरूप का प्रतीक बन चुका है। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शुक्रवार (14 फरवरी) को यह संख्या 50 करोड़ के ऊपर पहुंच चुका है।

नहीं बाज आएंगे कैफे सैन्टर संचालक और कपल्स, हिन्दू संगठनों ने फिर पकड़े दो जोड़े

मुजफ्फररनगर, 14 फरवरी (बु.)। वैलेन्टाइन डे से पहले जैसा कि हिन्दू संगठनों द्वारा ऐलान किया गया था कि यदि कोई भी कपल किसी भी रेस्टोरेंट अथवा कैफे सैंटर में अनैतिक कार्य में लिप्त पाया गया तो उसका इलाज जरूर किया जायेगा। हिन्दू क्रान्ति सेना की जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व में दिन निकलते ही होटलों की छानबीन शुरू की गयी तो दोपहर बाद कमल प्लाजा के पब जी कैफे में दो जोड़े बैठे मिले, जिन्हें हिन्दू संगठनों ने धर दबोचा तो बृहस्पतिवार की तरह शुक्रवार को पकड़े गए जोड़ों व हिन्दू संगठनों के बीच फिर एक बार नोंक-झोंक होती दिखी। हिन्दू संगठनों ने थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचित कर मौके पर बुलाया और दोनों युवकों को थाने ले गयी, जबकि युवतियों को हिदायत देते हुए छोड़ दिया गया। हिन्दू संगठनों की महिलाओं ने बताया कि सिर्फ बालिग ही नहीं कक्षा 8-9 तक पढ़ने वाले बच्चे भी यहां मौजूद थे। ऐसे में हमारे बच्चे किस ओर जा रहे हैं, इसी से साफ पता लगता है। उन्होंने कहा कि कैफे सैंटर और रेस्टोरेंट मालिकों को सख्त हिदायत देने के बाद भी वे बाज नहीं आ रहे हैं। अपनी आमदनी बढ़ाने के चक्कर में कुछ रेस्टोरेंट संचालक कैफे व मसाज सैंटर जमकर अनैतिक कार्य करा रहे हैं, जिससे युवा पीढ़ी बिगड़ रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन यदि इस ओर ध्यान नहीं देगा तो हिन्दू संगठन लगातार रेस्टोरेंट, कैफे सैंटर और मसाज सैंटरों को खंगालने का काम जारी रखेंगे। इस दौरान पूनम चौधरी के साथ शरद कपूर, संजीव वर्मा, संगीता गौतम, मिथलेश गिरी आदि मौजूद रहे।

भाकियू के पटके डालकर मीडिया और हिन्दू संगठनों को गीदड़ भभकी दे रहे थे युवा

मुजफ्फरनगर। वैलेन्टाइन डे पर कमल प्लाजा में हिन्दू संगठनों के द्वारा पकड़े गए जोड़े गले में हरे पटके डालकर मीडिया व हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों को गीदड़ भभकी देने की कोशिश में लगे हुए थे। जैसे ही युवतियों के साथ पकड़े गए युवकों ने हरे पटके गले में डालकर रौब गालिब करने की कोशिश की तो मीडिया ने तुरन्त पूछा कि कौन से गुट से हो तो युवकों ने राकेश टिकैत ग्रुप से होना बताया। इस पर मीडिया के लोगों ने कहा कि लाओ राकेश टिकैत से या तो तुम बात करा दो या हम बात करा देते हैं। इस पर युवक वहां से भाग जाने की तैयारी करने लगे मगर तब तक पुलिस ने उन्हें दबोच लिया था।

दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक 16 को, शपथ 18 फरवरी को संभव

नयी दिल्ली 14 फरवरी (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी में नयी सरकार के गठन को लेकर सरगर्मियां तेज हो गयी और इस कड़ी में 16 फरवरी को विधायक दल की बैठक और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा सकता है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका का दो दिवसीय दौरा समाप्त करके नयी दिल्ली लौट रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का चयन करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि 16 फरवरी को पार्टी के विधायक दल की बैठक हो सकती है, जिसमें मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा जाएगा और अनुमोदन होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ ने दिल्ली के नये मुख्यमंत्री की घोषणा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश की नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 18 फरवरी को आयोजित हो सकता है। शपथ ग्रहण समारोह किस जगह पर आयोजित होगा, अभी तक इस बारे में फैसला नहीं हो पाया है। मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर कई जगहों की चर्चा है, लेकिन ज्यादा संभावना इस समारोह के रामलीला मैदान में आयोजित होने की है। गौरतलब है कि भाजपा ने आठ फरवरी को आए दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में 48 सीटें जीती हैं और 12 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सिमट कर रह गयी।

नगर पालिका के नव विस्तारित क्षेत्र में होगा 1.82 करोड़ रुपए का कार्य

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद के नव विस्तारित क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए शासन स्तर से नगर पालिका को करीब 1.82 करोड़ रुपए की धनराशि मिली है। यह धनराशि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत नगर पालिका परिषद को मिली है। पालिका के नव विस्तारित क्षेत्र में इस धनराशि से 18 सीसी रोड, नाला और दो वार्डों में 50 वॉट की करीब 260 एलईडी लाइट लगाने की योजना है। नगरपालिका परिषद का सीमा विस्तारण होने पर नगरीय क्षेत्र में 11 गांव पूर्ण रूप से शामिल हुए हैं। इस नव विस्तारित क्षेत्र में विकास कार्यों को कराने के लिए पालिका ने इस बार मुख्यमंत्री नगर सूजन योजना के तहत ऐसा तीसरी बार किया है। पूर्व में 29 कार्य कराने के लिए करीब पांच करोड़ रुपए और फिर 25 कार्यों के लिए करीब 3 करोड़ रुपए की धनराशि पालिका को मिली थी। उक्त धनराशि के सापेक्ष नव विस्तारित क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू हैं। अब नगरपालिका में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत करीब 1.82 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। इस धनराशि से नव विस्तारित क्षेत्र में 18 सीसी रोड और नालों का निर्माण कराया जाएगा। वहीं वार्ड 41 में 130 एवं वार्ड 46 में 130 एलईडी लाइट लगाने का कार्य किया जाएगा। उक्त सभी लाइटें 50 किलोवॉट की लगाई जाएंगी। इसके लिए नगर पालिका की ओर से टेंडर निकालने की तैयारी की जा रही है।

हवालात में रात गुजारने के बाद कोर्ट में पेश हुए सपा नेता राहुल वर्मा

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। गुरूवार की रात उत्तराखण्ड के बहादराबाद से गैर जमानती वारंट के आधार पर पकड़े गए राहुल वर्मा को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। राहुल वर्मा व अन्य के खिलाफ वर्ष 2001 में बलवे की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में सपा नेता राहुल वर्मा लम्बे समय से कोर्ट में पेश ही नहीं हुए थे, जिसमें उनके खिलाफ कोर्ट द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किये थे। पुलिस ने जब राहुल वर्मा का पता निकाला तो वह पिछले कई वर्षों से उत्तराखण्ड के बहादराबाद में रह रहे थे। पुलिस ने उन्हें वहीं से गिरफ्तार किया और गुरूवार की रात शहर कोतवाली ले आई। इस प्रकरण में गुरूवार की रात से ही राहुल वर्मा को छोड़ देने की खूब सिफारिशें लगी मगर सभी सिफारिशों को नजरअंदाज कर उन्हें रात्रि में हवालात में ही ठहराया गया। शुक्रवार की दोपहर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां उन्होंने अपना जुर्म कबूला। कोर्ट द्वारा उन पर चार हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाकर रिहा कर दिया गया।

वर्कशाप में रखे कंटेनर में भीषण आग लगी

मीरापुर, 14 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के सिखरेड़ा में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी की वर्कशॉप में रखे कन्टेनर में आग लग गई। आग से मौके पर भगदड़ मच गयी। सूचना पर पहुँचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। गांव जमालपुर निवासी कॉन्ट्रेक्टर अजय कुमार की अजय कंस्ट्रक्शन कम्पनी की गांव सिकरेड़ा के निकट वर्कशाप है। शुक्रवार की दोपहर वर्कशाप में रखे कंटेनर में अज्ञात कारण से अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। वर्कशाप के बराबर में स्थित उनके पैट्रोप पंप पर मौजूद कर्मचारियों ने आग की लपटें उठती देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुँचे दमकल कर्मियों में घण्टों की कड़ी मश्क्कत कर आग पर काबू पाया, किन्तु तब तक आग से भारी नुकसान हो चुका था। वर्कशॉप पर कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि साइट के लिए कंटेनर के अंदर ऑफिस बनाया गया था। आग से करीब छः लाख रुपए का नुकसान हो गया है। आग लगने के कारण की जानकारी नहीं लग सकी। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

मीरापुर के सिखरेड़ा में वर्कशॉप में लगी आग व मौके पर मौजूद दमकलकर्मी

हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से 6 बीघा गन्ने की फसल जलकर रख

खतौली, 14 फरवरी (बु.)। हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरने से किसानों की गन्ने की फसल जलकर राख हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव टिटौड़ा के जंगल में खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर अचानक गिर जाने से गांव के किसान प्रताप सिंह पुत्र भूंडिया तथा संजय पुत्र कालूराम के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल में आग लग गयी। गन्ने की फसल में आग लगने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पानी डालकर आग पर किसी प्रकार काबू पाया तथा अन्य खेतों की फसलों को बचा लिया। बताया जाता है कि खेतों में लगी भीषण आग में प्रताप सिह की चार बीघा व किसान संजय की लगभग दो बीघा गन्ने की फसल आग में जलकर राख हो गयी। गन्ने की फसल में लगी आग से आक्रोशित किसानों द्वारा कोतवाली पहुंचकर विद्युत विभाग के खिलाफ तहरीर देकर विद्युत तारों की तत्काल मरम्मत किये जाने की मांग की।

बिहार एक झलक थीम के साथ कलर्स-2025 का आयोजन

- श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजस के खेल मैदान में हुआ कलर्स-2025 के पहले दिन का रंगा रंग आयोजन

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बुस.)। श्रीराम कॉलेज के खेल मैदान में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव क्लर्स-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम दिवस की थीम बिहार एक झलक रही। कार्यक्रम में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा एक के बाद एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/डीआईजी, मुजफ्फरनगर, नरेन्द्र बहादुर सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मुजफ्फरनगर, डॉ. विरेन्द्र कुमार मौर्या, कुलसचिव, मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, मिनाक्षी स्वरूप, चेयरमैन नगर पालिका, मुजफ्फरनगर, सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, वित्त अधिकारी, मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्री अनिल कुमार, विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय, अतिविशिष्ट अतिथि रूपाली राव, क्षेत्राधिकारी नई मंडी, चेयरमैन डीएस पब्लिक स्कूल एसएन शर्मा, डॉ. गरिमा जैन, प्रिंसिपल डीएवी(पीजी) कॉलेज, डॉ. सीमा जैन, प्रिंसिपल जैन कन्या डिग्री कॉलेज, तथा विशिष्ट अतिथियों उद्योगपति कुशपुरी डॉ. सोनिया लुथरा, देवेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष एसआरजीसी, अन्जू चौधरी, शहरकाजी तनवीर आलम, अशोक बाटला आदि प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति तथा श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के सिक्रेटरी ई. संकल्प कुलश्रेष्ठ, श्रीराम गर्ल्स कॉलेज की अध्यक्षा मुक्ता कुलश्रेष्ठ, द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुजफ्फरनगर के श्रीराम कॉलेज में गत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी वार्षिक कार्यक्रम क्लर्स-2025 दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत एसआरजीसी पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर की गई। इसके पश्चात गर्ल्स छात्रावास की छात्रा श्रुतिका ने बॉलीवुड मेसअप पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात बेसिक साइंस के वैभव एवं शंकर ने राधा-कृष्णा गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर खुब तालियॉ बटौरी। पुराने जमाने के गीतो से होते हुये नये जमाने के गीतो पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। होम साइंस के छात्र-छात्राओं ने महाभारत थीम पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा बिहार संस्कृति पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद बायो साइंस विभाग के छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक नारी शक्ति नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर लोगो में उत्साह भर दिया। बीबीए विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा हरियाणवी संस्कृति को दर्शाते हुये एक धमाकेदार प्रस्तुति दी गई। कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा

भोजपुरी नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं ने भी रक्त-वध म्यूजीकल एक्ट पर बहुत शानदार प्रस्तुति दी। श्रीराम पालिटैक्निक के छात्र-छात्राओं द्वारा पुलवामा हमले को लेकर शहिदो के बलिदान को याद करते हुये पुलवामा एटैक थीम पर एक एक्ट प्रस्तुत कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि युवाओं के बीच आने से उनका उत्साहवर्द्धन होता है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिये सौभाग्य की बात है कि मैं श्रीराम कॉलेज के वार्षिक कार्यक्रम क्लर्स-2025 में उपस्थित हुआ हूॅं। मुझे विद्यार्थियों के बीच आकर अपार आनन्द की अनुभूति हुई है। उन्होंने श्रीराम कॉलेज के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि जितनी प्रतिभा उन्होंने इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों में देखी है और कही नहीं देखी। उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुये इसका श्रेय श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ एवं महाविद्यालय के शिक्षकों को दिया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज द्वारा समाज के उत्थान के लिये कार्य करने वाले समाजसेवियों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें डॉ. गरिमा जैन, प्रिंसिपल डीएवी(पीजी) कॉलेज, डॉ. सीमा जैन, प्रिंसिपल जैन कन्या डिग्री कॉलेज को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया।

इसी श्रेणी में श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज में कार्यरत शिक्षकों को राइजिंग स्टार अवार्ड जहैरा हुसैनी, बायोसाइंस विभाग एवं अनिका, वाणिज्य विभाग, रमा, बेसिक साइंस विभाग तथा डॉ. ऋषभ भारद्वाज, सहायक प्रवक्ता बेसिक साइंस को महाविद्यालय की आईक्यूएसी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये पुरस्कृत किया गया, वहीं रिसर्च के क्षेत्र में डॉ. आरपी सिंह, एसआरजीसी रिर्सच को पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ-साथ अन्य सहगामी क्षेत्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षको डॉ. सौरभ मित्तल, अमित त्यागी, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों अजय कुमार, रामबहादुर सिंह, राजेन्द्र त्यागी, तथा चतुर्थ कर्मचारियों संदीप कुमार, को श्रमेव जयते पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने कार्यक्रम में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन कपिल धीमान, बाहय प्रवेश समन्वयक, एसआरजीसी, मौ. शहजाद, हुरैन तथा बबली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज की निदेशक डॉ. एसएन चौहान, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज आफ फामेर्सी के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र गौतम, डीन एकेडमिक्स डॉ. विनीत कुमार शर्मा, ललित कला विभाग के निदेशक मनोज धीमान, श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग डीन डॉ. सुचीत्रा त्यागी, श्रीराम पॉलिटैक्निक निदेशक, डॉ. अश्वनी, डीन मैनेजमेंट डॉ. सौरभ मित्तल, प्रवेश समन्वयक नीतू सिंह, एचआर पंकज, सहित सभी डीन, विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनोद कुमार, पुत्र श्री सत्यपाल सिंह, श्री सोमपाल सिंह, पुत्र श्री बीर सिंह, श्रीमति चित्रा कश्यप, पत्नी श्री विनोद कुमार, पता- चन्धेड़ी रोड, शफीपुर पट्टी, बुढ़ाना द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0- MZDA/BP/ 24-25/0169 द्वारा नर्सिंग होम/ मैटरनिटी होम की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र, बुढ़ाना में महायोजना लागू नहीं है। मानचित्र सं0 MZDA/BP/ 24-25/0169 के अनुसार प्रश्नगत स्थल खसरा सं0 2566 चन्धेड़ी रोड, ग्राम बुढ़ाना बाहर शहीपुर पट्टी, तहसील बुढ़ाना, जिला- मुजफ्फरनगर में नर्सिंग होम/ मैटरनिटी होम प्रयोजन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से एक माह के अन्दर प्राधिकरण कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या Email: mdamzn@yahoo.co.in के माध्यम से उपलब्ध कराया जा सकता है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

जिला आचार्य कुल ने आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज को वाटर कूलर भेंट किया

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बुस.)। आज प्रमुख गांधी विचारक होती लाल शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष आचार्य कुल के नेतृत्व में जिला आचार्य कुल की टीम ने आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर परिसर में पहुंचकर बहुत उत्तम क्वालिटी का एक वाटर कूलर वहां के स्टाफ तथा बालक बालिकाओं के स्वच्छ जल प्रबंधन के संदर्भ में भेंट किया, जिसका लोकार्पण प्रमुख समाजसेवी श्यामलाल बंसल दाल वाले मंत्री सत्संग भवन ट्रस्ट एवं प्रमुख उद्योगपति सुरेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष गुडविल सोसायटी, विद्यालय की प्रधानाचार्य कुसुम लता और प्रबंधक अरुण कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करते हुए फीता काटकर संपन्न किया। उपस्थित शिक्षिका वर्ग ने जिला आचार्यकुल द्वारा नगर और जनपद में किए जा रहे सामाजिक मानवीय कल्याण के कार्यों की सराहन करते हुए कहा के निर्बल वर्गीय सेवा में शिक्षा के क्षेत्र में और रोगी सेवा के क्षेत्र में तथा पर्यावरण के लिए जिला आचार्य कुल बहुत श्रेष्ठ कार्य कर रहा है और सांप्रदायिक सद्भाव तथा सौहार्द के लिए इस संस्था के कार्य सराहनीय है। यह अवसर पर चौधरी राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष, चौधरी देवराज जिला उपाध्यक्ष, आचार्य सीताराम कोषाध्यक्ष, शिवकुमार उपाध्यक्ष, सुरेंद्र पाल सिंह सचिव, इंजीनियर लोकेश चंद्र संरक्षक, सदस्य प्रोफेसर सतीश कुमार मित्तल, उप सचिव अशोक कुमार गुप्ता, उप सचिव इंजीनियर राजेंद्र साहनी, उप सचिव संजीव वर्मा, अमरीश दीक्षित, पूनम मार्शल, रेणुका, सुनीति मिश्रा, सुनीता वर्मा, रजनीश शर्मा, चित्र गुप्ता, मिथिलेश बंसल, रश्मि कौशिक, वंदना, डॉ. सुनील शर्मा, शशि, प्रीति, सविता रानी, डॉ. रविंद्र वशिष्ठ, अर्चना गोयल, पीपी सुधा, सत्य प्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष आदि संस्था के पदाधिकारी और सदस्यगण तथा विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे। विद्यालय की बालक-बालिकाओं ने सरस्वती वंदना और लोकगीतों से समारोह को उत्तम बनाया।

नायब तहसीलदार व श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने साप्ताहिक बंदी के चलते मीरापुर का बाजार बन्द कराया

मीरापुर, 14 फरवरी (बु.)। जिलाधिकारी द्वारा साप्ताहिक बन्दी के दौरान सख्ती से बाजार बन्द कराने के निर्देश के बाद शुक्रवार को मीरापुर में साप्ताहिक बन्दी का दिन होने के चलते नायब तहसीलदार व श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने पुलिसबल के साथ मीरापुर कस्बे का निरीक्षण किया तथा इस दौरान यहाँ खुली दुकानों को बंद कराया तथा दुकान खोलने वालों को पुनः साप्ताहिक बन्दी के दौरान दुकान खोलने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। शुक्रवार मीरापुर के बाजार के लिए साप्ताहिक बन्दी का दिन घोषित है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद मीरापुर का अधिकतर बाजार सुबह से ही बंद था। दोपहर में साप्ताहिक बन्दी पर पूरी तरह से अमल कराने के लिए नायब तहसीलदार विपिन चौधरी व श्रम प्रवर्तन अधिकारी मुजफ्फरनगर विंध्याचल शुक्ला मीरापुर पहुँचे और पुलिस को साथ लेकर बाजार का निरीक्षण किया तथा बाजार में व बस स्टैंड के समीप खुली दुकानों को बन्द कराया। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी विंध्याचल शुक्ला ने दुकान खोलने वाले व्यापारियों को साप्ताहिक बन्दी के दिन पुनः दुकान नहीं खोलने की चेतावनी दी। नायब तहसीलदार व श्रम प्रवर्तन अधिकारी को देखकर दुकानों के शटर धड़ाधड़ बन्द हो गए। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी विंध्याचल शुक्ला ने बताया कि साप्ताहिक बन्दी के दौरान डॉक्टर्स क्लीनिक, मैडिकल स्टोर, दूध, दही, सब्जी, कन्फेक्शनरी, फल समेत जरूरी वस्तुओं की दुकानें खुली रहेंगी। इन पर साप्ताहिक बन्दी लागू नहीं होगी।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने व्यापारियों को बन्दी से सम्बंधित जानकारी दी

मीरापुर, 14 फरवरी (बु.)। साप्ताहिक बन्दी पर अमल कराने पहुँचे श्रम प्रवर्तन अधिकारी विंध्याचल शुक्ला ने व्यापारियों से वार्ता कर उनसे अपने रजिस्ट्रेशन कराने को कहा उन्होंने जानकारी दी कि यदि कोई व्यापारी अपनी दुकान पूरे सप्ताह खोलना चाहता है, तो वह निर्धारित फीस की डेढ़ गुना फीस जमा कराकर लाइसेंस ले सकता है, जिसके बाद उन पर साप्ताहिक बन्दी लागू नही होगी।

भूल सुधार

मुजफ्फरनगर बुलेटिन के दिनांक 14 फरवरी 2025 के अंक में सिल्वर मेडल पाने वाली कबड्डी खिलाड़ी अवंतिका का फोटो भूलवश दो समाचारों में छप गया है। एक स्थान पर दो बेटियों ने खाया जहर के समाचार में अवंतिका का फोटो गलती से लग गया है, जिसका हमें खेद है, जबकि सिल्वर मेडल मिलने वाले समाचार में यह फोटो सही लगा हुआ है। कृपया बुलेटिन पाठक सिल्वर मेडल पाने वाले समाचार को ही सत्य समझें। **-सम्पादक**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुजफ्फरनगर।

पत्रांकः- /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रा0सं0-19/2024-25/दिनांकः

मैनुअल निविदा सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें प्रतिशत दर में अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0,बी0,सी0 एवं डी0 श्रेणी मे जैसा प्रकरण हो में पंजीकृत ठेकेदारों से आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है।

2- कार्य के नाम तालिका के अनुसार।

क0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख मे)	धरोहर धनराशि (लाखमें)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त करो सहित (रू0 मे)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
स्वीकृति की प्रत्याशा में।									
1	मुजफ्फर नगर	सुजडू वार्ड सं0 29 में जुल्फिकार के मकान तक एवं इस्तेखार के मकान से नासिर के मकान तक इंटरलॉकिंग टाईल्स एवं नाली का निर्माण।	5.08	0.11	500+225+41 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
2	मुजफ्फर नगर	ग्राम बघरा में इब्राहिमाबाद कॉलोनी लिंक रोड पर इंटरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य।	8.47	0.17	500+225+41 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
3	मुजफ्फर नगर	ग्राम बघरा में रफीक के मकान से जब्बार के मकान तक इंटरलाकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य।	2.12	0.05	500+150+27 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
4	मुजफ्फर नगर	ग्राम बघरा में महमूदिया मदरसा से हारून के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य।	6.36	0.13	500+225+41 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
5	मुजफ्फर नगर	ग्राम लालूखेडी में ग्राम सोहजनी मार्ग से भूमिया तक इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य।	2.55	0.06	500+150+27 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
6	मुजफ्फर नगर	ग्राम मुरादपुरा में डिग्गीपुरा नई बस्ती मार्ग पर इरफान के मकान से यामीन के मकानतकम एवं मस्जिद से नूरा के मकान तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	7.63	0.16	500+225+41 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
7	मुजफ्फर नगर	ग्राम नियामू में पंडित जयप्रकाश के मकान से दिलशाद के मकान तक इंटरलाकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य।	9.33	0.19	500+225+41 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
8	मुजफ्फर नगर	ग्राम धौलरा में यात्री शैड से पंचायत घर तक इंटरलाकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य।	7.63	0.16	500+225+41 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
9	मुजफ्फर नगर	ग्राम झानामाजरा में मा0हरपाल के खेत से सहदेय के खेत तक मिट्टी एवं खण्डजा कार्य।	6.78	0.14	500+225+41 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।
10	मुजफ्फर नगर	सूजडू में मौ0 कूगर पटटी में जिकारिया में मकान से मेहफूज तक इटर लाकिंग कार्य।	5.08	0.11	500+225+41 (18%GST)	03 माह	विकास भवन, मु0नगर	विकास भवन, सहारनपुर	कलेक्ट्रेट मु0नगर।

नोटः- जी0एस0टी0 नवीनतम शासनादेशों के अनुसार देय होगी।

3. निविदा का सेट निविदा सूचना मे इगिंत स्थानो से दिनांक 19.02.2025 से 01.03.2025 तक सभी कार्यदिवसो मे प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हे।
4. निविदा का सैट दिनांक 03.03.2025 दोपहर 12:00 बजे तक टैन्डर बॉक्स मे अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुजफ्फरनगर एवं अधीक्षण अभियन्ता तथा जिलाधिकारी जैसा कि निविदा सूचना के कांलम संख्या 8, 9 एंव 10 मे इंगित हैं, स्थानों मे डाले जायेगे।
5. निविदा दिनांक 04.03.2025 मे दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी।
6. निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, विकास भवन तृतीय तल प्रखण्ड-मुजफ्फरनगर से प्राप्त की जा सकती है।

(कुमारी रवि)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-मुजफ्फरनगर।
मौ0-9258440419

आर.ओ. संख्या-228901 सू. एवं ज.सं.वि.-(विज्ञापन वर्गीकृत) दिनांक 13/02/2025
यह विज्ञापन Website - www.upidadv.gov.in से लिया गया है।

मंत्री ने पन्नी में लिपटी मूर्ति का किया अवलोकन

- 8 मार्च को होगा चौधरी साहब की प्रतिमा का अनावरण

बुढ़ाना, 14 फरवरी (बु.)। भारत रत्न और देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह की प्रतिमा पिछले 20 वर्षो से पन्नी में लिपटी हुई अनावरण का इंतजार कर रही है। गांव परासौली नहर के पास गायत्री वाटिका में लिपटी प्रतिमा का अनावरण करने के लिए कैबिनेट मंत्री ने पार्टी के पदाधिकारियों और विधायकों के साथ प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया। कस्बे के ब्लॉक कार्यालय पर आयोजित मीटिंग में अनावरण कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति बनाई गयी। प्रतिमा स्थल के निरीक्षण के बाद कैबिनेट मंत्री बुढ़ाना ब्लॉक परिसर में पहुंचे। ब्लॉक कार्यालय परिसर में एक मीटिंग का आयोजन हुआ। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा का अनावरण 8 मार्च को होगा। यहां सभी वक्ताओं ने 8 मार्च को अनावरण पर अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। यहां नेता विधानमंडल दल राजपाल सिंह बालियान, मीरापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायिका मिथलेश पाल, बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, रालोद नेता योगेंद्र चेयरमैन, बुढ़ाना ब्लॉक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक, युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू पठान, ग्राम प्रधान हाजी जमशेद जौला, संयम पंवार और सुरेंद्र सहरावत आदि नेता मौजूद रहे।

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 15 फरवरी, 2025

मेष- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय अशुभ, आहार विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य प्रभावी, हानि भी, शेष समय उन्नतिकारक, व्यापार में विस्तार, नवयोजना।

वृषभ- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय अनुकूल, धनागम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, शेष समय प्रतिकूल, द्रव्य की क्षति, विरोधियों का वर्चस्व।

मिथुन- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, जीवन साथी से सामंजस्य।

कर्क- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, वांछित सफलता का सुअवसर, मान-सम्मान में वृद्धि, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, दूर या समीप की यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

सिंह- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय निराशाजनक, कार्यों में गतिरोध, एकाग्रता का अभाव, शेष समय में परिस्थितियां सुधार पर, पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, नव उपलब्धि।

कन्या- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय बेहतर, किसी योजना का श्रीगणेश, यात्रा का सुपरिणाम, शेष समय आशा के विपरीत, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता।

तुला- भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, दूर समीप की यात्रा का प्रसंग, वाहन सुख।

वृश्चिक- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आकस्मिक लाभ का सुयोग, बकाए धन की प्राप्ति, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, भोग विलासिता की ओर रुझान, मन।

धनु- आज रात्रि 11/17 बजे तक कठिनाइयां प्रभावी, दूसरों के चक्कर में स्वयं का नुकसान, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार-विमर्श, लाभार्जन का सुयोग।

मकर- आज रात्रि 11/17 बजे तक ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा।

कुम्भ- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

मीन- व्यापारिक उन्नति में उपस्थित गतिरोध समाप्त, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

जीर्णोद्धार के बाद शराब के नशे में मंदिर का ताला लगाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ़्तार किया

मीरापुर, 14 फरवरी (बु.)। मीरापुर में 36 वर्षो से बन्द पड़े मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद देर शाम शराब के नशे में मंदिर पहुँचकर मंदिर का ताला बंद करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों युवकों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

गुरूवार को मीरापुर कस्बे में पिछले 36 वर्षो से बंद पड़े मंदिर को स्वामी यशवीर महाराज ने सैकड़ों सनातनियों के साथ शुद्धिकरण यज्ञ-हवन कर जागृत किया था। इस दौरान भारी पुलिसबल तैनात रहा था। मंदिर के जीर्णोद्धार की पूजा-अर्चना के बाद स्वामी यशवीर महाराज व अन्य लोगों के यहाँ से जाने के बाद देर शाम करीब 8:30 दो युवक शराब के नशे में मंदिर पहुँचे। वे पहले मंदिर के अन्दर गए और कुछ समय बाद बाहर आकर मंदिर का ताला लगा दिया। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने युवकों को संदिग्ध समझते हुए पुलिस को इसकी सूचना दी, तो पुलिस मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने युवकों से पूछताछ की तो युवकों ने अपना नाम धनपत उर्फ मोहित पुत्र राकेश सैनी व नितिन उर्फ भूरा पुत्र मंगल निवासीगण मीरापुर बताया, पुलिस पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पुलिस दोनों युवकों को थाने ले आयी तथा दोनों युवकों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों युवक शराब के नशे में मंदिर पहुँचे थे तथा उन्होंने बिना किसी सूचना के मंदिर का ताला बंद कर दिया। युवकों की हरकत से कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

सफाई कर्मचारी काम बंद कर धरने पर बैठे

चरथावल, 14 फरवरी (बु.)। नगर पंचायत चरथावल में आज 13 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर वाल्मीकि के नेतृत्व में जिले के सभी नगर पंचायतों व नगर पालिकाओं में 13 सूत्रीय मांगों को लेकर काम बंद धरना चल रहा है। नगर पंचायत चरथावल में दूसरे दिन भी आज कामबंद धरना जारी रहा। अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई, तो काम बंद धरना आगे भी जारी रहेगा। धरना स्थल पर आज उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, महामंत्री सुनील सूद के साथ सोम प्रकाश, राजीव, अमित, प्रमोद कुमार, नावेद अंसारी, तस्लीम, राधेश्याम, सोनू सैलान, दिनेश, गौरव, अमरीश, विनय, मन्नू, मदन आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

दो दिवसीय वर्कशॉप सेमिनार का हुआ शुभारंभ

चरथावल, 14 फरवरी (बु.)। शुक्रवार को कस्बा चरथावल के चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज में दो दिवसीय वर्कशॉप सेमिनार का आयोजन के दूसरे दिन का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक राकेश वशिष्ठ, डॉ. सविता वशिष्ठ जैन कन्या पाठशाला पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर, डॉ. मनीषा अग्रवाल जैन कन्या पाठशाला पीजी कॉलेज द्वारा किया गया। दूसरे दिन के सत्र में सहारनपुर से आए एनआईएसएम के प्रवक्ता राजीव जैन एवं जलज जैन ने सत्र को आगे बढ़ते हुए आज बताया कि स्टॉक मार्केट में निवेश कैसे किया जाता हैं, कैसे शेयर्स को खरीदा और बेचा जाता है। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं को डेमो भी दिया। इस सत्र में सभी छात्र-छात्राओं के ईमेल आईडी पर एनआईएसएम की तरफ से लिंक भेजा गया था, जिसे सभी छात्रों ने सफलतापूर्वक पूर्ण किया और इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में डॉ. सविता वशिष्ठ और डॉ. मनीषा अग्रवाल ने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और एजुकेशन क्यों महत्वपूर्ण है। इस विषय पर छात्र-छात्राओं से वातालाप किया एवं छात्र-छात्राओं के विचारों को सुना। इस कार्यक्रम का समापन राजीव जैन, जलज जैन, डॉ. सविता वशिष्ठ, डॉ. मनीषा अग्रवाल को कॉलेज द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित करके किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रवक्ता अंशुल अग्रवाल, सुनील पुंडीर, राशिद राणा, ऋषिपाल सिंह, पूजा शर्मा, तरबिया अली, मधु पुंडीर आदि सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांकः- 2334/सा0प्र0/2024-25 दिनांक 11/02/2025

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा पालिका कार्यालय हेतु एक नग 62.50 के0वी0ए0 जनरेटर की नितान्त आवश्यकता हेतु व्यापार कर/आयकर/जी0एस0टी0 पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई-निविदा दिनांक 28/02/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 15/02/2025 की प्रातः 10 बजे से दिनांक 28/02/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू0 100/- के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0 आदि के रूप में, जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी कराते हुए दिनांक 28/02/2025 की प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई- निविदाओं को दिनांक 28/02/2025 को सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है।

मार्ग प्रकाश प्रभारी
नगर पालिका परिषद्
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

नशे के विरुद्ध चला जागरूकता अभियान, शिविर लगाकर लोगों को नशे के प्रति किया जागरूक

चरथावल, 14 फरवरी (बु.)। कस्बे में जमाते इस्लामी हिन्द की और से एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नशे के खिलाफ एक अभियान 13 फरवरी से 24 फरवरी तक चलाया जायेगा। इस अभियान में लोगों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया जायेगा। शिविर में पहुँचे चरथावल चेयरमैन मास्टर इस्लामुद्दीन एवं चरथावल थाने के एसएसआई रामकुमार सिंह एवं कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। चेयरमैन मास्टर इस्लामुद्दीन एवं एसएसआई रामकुमार सिंह ने उनके द्वारा किये गये। इस कार्य की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि नशे की लत के कारण बहुत से घर बर्बाद हो गये हैं। नशे की आदत से घरों में दरार पड़ रही है। उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने कहा हमारा युवा वर्ग नशे की और बढ़ रहा है, जिस कारण कई परिवार टूट चुके युवा वर्ग को नशे से दूर रखा जाये। नशे की आदत से रिश्ते टूट रहे हैं और जिंदगी बर्बाद हो रही है। वहीं चेयरमैन इस्लामुद्दीन ने कहा युवाओं को नशे प्रति जागरूक करना बहुत जरूरी है। नशे से समाज मे बुराइयां फैल रही है। जमाते इस्लामी हिन्द का ये अभियान काबिले तारीफ है और हम सब मिलकर नशे को समाज से खत्म करने में अपना सहयोग देंगे। इस अवसर पर मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद फरमान, तय्यब अंसारी, अजीम इसरार साबरी, सादिक मिर्जा, डॉ. सलीम अंसारी, उमर मिर्जा आदि लोग मौजूद रहे।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

भारत, अमेरिका और बांग्लादेश

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भेंट और वार्ता से भारत और अमेरिका के प्रगाढ़ संबंधों का पता चलता है। पत्रकारों के सवालों के जवाब में इन दोनों नेताओं के मन की बात भी स्पष्ट होती है, जब ट्रम्प से बांग्लादेश के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने बांग्लादेश को भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पर छोड़ दिया। अमेरिका में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के सामने बांग्लादेश को लेकर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने बड़ी बात कही है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन पर सवाल पूछा गया था। एक पत्रकार ने ट्रंप से पूछा,आप बांग्लादेश के बारे में क्या कहना चाहेंगे, क्योंकि हमने देखा कि और ये साफ दिखता भी है, बाइडेन प्रशासन के दौरान कैसे अमेरिका का डीप स्टेट वहां काम कर रहा था? फिर मोहम्मद यूनुस जूनियर सोरोस से भी मिले। आप पूरे परिपेक्ष्य में बांग्लादेश के बारे में क्या कहना चाहेंगे? ट्रम्प ने अपनी बात स्पष्ट करते हुए कहा, देखिए, हमारे डीप स्टेट की कोई भूमिका नहीं है। यह एक ऐसा मसला है, जिस पर प्रधानमन्त्री मोदी लंबे समय से काम कर रहे हैं और इस पर काफी वर्षों से काम कर चुके हैं, मैं इसके बारे में पढ़ रहा हूं। मैं बांग्लादेश को अब प्रधानमन्त्री मोदी के हाथों में छोड़ता हूं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने जब ये बात कही, तो प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी उनके बगल ही में बैठे थे। पिछले ही महीने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ मोहम्मद यूनुस ने ढाका में एलेक्स सोरोस से बात की थी। एलेक्स सोरोस ने मोहम्मद यूनुस को मानवाधिकारों का चैम्पियन बताया था। एलेक्स सोरोस जॉर्ज सोरोस के बेटे हैं और उनके एनजीओ द ओपन सोसायटी फाउंडेशन के चेयरमैन हैं। जॉर्ज सोरोस पर बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन करवाने के आरोप लगते रहते हैं, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प बांग्लादेश को लेकर सख्त विदेश नीति का पालन कर रहे हैं। सत्ता में आते ही उन्होंने यूएसएड के जरिये बांग्लादेश को मिलने वाली अमेरिकी मदद पर रोक लगा दी है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भी बांग्लादेश के घटनाक्रम पर राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ बात की है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि प्रधानमन्त्री मोदी ने बांग्लादेश में हाल की घटनाओं और भारत इस पूरी स्थिति को किस तरह से देखता है, इस संबंध में अपने विचार और या कहें कि अपनी चिंताएं साझा कीं, हम आशा करते हैं कि बांग्लादेश में स्थिति भी उस दिशा में आगे बढ़ेगी, जहां हम उनके साथ रचनात्मक और स्थिर तरीके से संबंधों को आगे बढ़ा सकते हैं, लेकिन उस स्थिति के बारे में चिंताएं हैं, और प्रधानमन्त्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उन विचारों को साझा किया। व्हाइट हाउस में पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच 4 घंटे तक बातचीत चली। ट्रम्प के साथ मुलाकात के दौरान बहुत मुद्दों पर बात की गई, जिनमें रणनीतिक और सुरक्षा सहयोग, रक्षा, व्यापार और आर्थिक सहयोग, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सुरक्षा और लोगों के बीच संबंध, साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे शामिल थे।विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तार से दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत का ब्यौरा दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि प्रधानमन्त्री ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण पर अमेरिका की एक बहुत ही सार्थक यात्रा पूरी की है। यह यात्रा इस बात का संकेत है कि दोनों नेता भारत-अमेरिका संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी की राष्ट्रीय खुफिया विभाग की नयी नियुक्त निदेशक तुलसी गबार्ड के अलावा एलन मस्क और विवेक रामास्वामी से मुलाकात हुई। भारत इस वर्ष के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, और प्रधानमन्त्री ने इसके लिए राष्ट्रपति ट्रम्प को निमंत्रण भी दिया है। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से 21वीं सदी के लिए अमेरिका-भारत समझौते की शुरूआत की। यह समझौता अवसरों को बढ़ावा देने और सैन्य साझेदारी से व्यापार और निवेश के क्षेत्र में वाणिज्य और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए है। उदाहरण के लिए, नेताओं ने मिशन 500 की शुरूआत की, जिसका लक्ष्य 2030 तक कुल दो तरफा व्यापार को दो गुणे से अधिक करके 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। नेताओं ने यह भी घोषणा की कि वे 2025 के अंत तक पारस्परिक लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत करेंगे। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक साझेदारी अब और ज्यादा मजबूत होने वाली है। प्रधानमन्त्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद ऐसा कहा जा रहा है कि भारत अब अमेरिका से तेल भी आयात कर सकता है। अभी तक तो भारत की तेल की आपूर्ति रूस, इराक, सऊदी अरब जैसे देशों के जरिए ज्यादा पूरी हो रही थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प की नजर अब भारत के मार्केट पर है। ट्रम्प चाहते हैं कि भारत की पूरी तेल आपूर्ति अमेरिका के जरिए ही पूरी हो। भारत हर साल दूसरे देशों से 11 लाख करोड़ रुपए का पेट्रोल-डीजल खरीद रहा है। इसके ऊपर बात जब तेल खपत की आती है, चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरे नंबर पर आता है। इसके ऊपर भारत का 80 फीसदी तेल दूसरे देशों से आता है, इसी वजह से हर देश चाहता है कि भारत उससे ही तेल खरीदे। इसी वजह से माना जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस 11 लाख करोड़ रुपए को पूरी तरह अपनी झोली में चाहते हैं, वे चाहते हैं कि भारत की तेल की जितनी भी मांग है, वो सिर्फ अमेरिका ही के जरिए पूरी हो। 2024 में भारत ने सबसे ज्यादा कच्चा तेल रूस से मंगवाया है, इसके बाद नंबर इराक, सऊदी अरब, यूएई, अमेरिका और कुवैत का आता है। अब अमेरिका से भारत ने 2024 में मात्र 6.9 बिलियन डॉलर का तेल मंगवाया था, डोनाल्ड ट्रम्प चाहते हैं, यह आंकड़ा पूरी तरह बदल जाए और भारत की तेल की पूरी आपूर्ति अमेरिका द्वारा ही पूरी की जाए। वैसे यहां पर एक समझने वाली बात यह भी है कि भारत में सरकार नहीं बल्कि निजी और सरकारी कंपनियां यह फैसला करती हैं कि कहां से तेल खरीदना है। ऐसे में अगर अमेरिका की तरफ से ज्यादा आकर्षक ऑफर दिया जाएगा, तो बिजनेस को ध्यान में रखते हुए भारत वहां से भी तेल खरीद सकता है, लेकिन अमेरिका से तेल आयात करने में भारत को एक बड़ी चुनौती का भी सामना करना पड़ेगा। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर चल रहा है, उस वजह से अगर डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भविष्य में भारत को कोई सहूलियत या रियायत नहीं दी गई, तो भारत का व्यापार घाटा बढ़ता जाएगा और आने वाले समय में जबरदस्त महंगाई का सामना करना पड़ेगा।

चार तीर

सुनील उत्सव

"गोष्ठी" "बेहूदगी" "काव्य" "खलबली"

चुटकुलों की गोष्ठी को देखकर क्या सोचते,
मंच पर बेहूदगी को देखकर क्या सोचते।
ये तो अच्छा है के नीरज और साहिर चल बसे,
काव्य की इस खलबली को देखकर क्या सोचते।

पाँचवी पुण्यतिथि

स्व. श्री जय प्रकाश गोयल

(05.08.1936 – 15.02.2020)

श्रद्धावनत परिवार

प्रतिष्ठान :-
• संजय इलेक्ट्रिकल्स
(A big house of electrical goods)
33, 34, 35-पालिका बाजार,
महावीर चौक, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
फोन नं. 0131-2622448
2623398

सुमित्रा गोयल (बहन)
संजय-गीता, राजीव-सरिता (पुत्र-पुत्रवधु)
विकास-रश्मि (पुत्र-पुत्रवधु)
रेशू तायल-हेमन्त तायल (पौत्री-दामाद)
शिप्रा गुप्ता-अश्वनी गुप्ता (पौत्री-दामाद)
सी.ए. वैभव अग्रवाल-मिलन (पौत्र-पौत्रवधु)
सी.ए. व्योम अग्रवाल-ईशा (पौत्र-पौत्रवधु)
हर्षित-शिवांगी (पौत्र-पौत्रवधु)
कृष्णा, ऋषभ, प्रणव (पौत्रगण)
रायन तायल, अनवय गुप्ता, रुवीर तायल (प्रधेवते)
समायरा गुप्ता (प्रधेवती)
भव्यम गोयल, धार्विक गोयल, चैतन्य गोयल (प्रपौत्र), त्रिधा गोयल (प्रपौत्री)

निवास : 42/21, दक्षिणी सिविल लाइन्स, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

मोबाइल : 9927082598 (संजय), 9837002597 (राजीव)
9837032598 (विकास), 9897032598 (वैभव)
9837034420 (व्योम), 9627032598 (हर्षित)

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया आकस्मिक निरीक्षण

- छत पर गंदगी देखकर जताई नाराजगी, सुधार के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। व्यवस्था में सुधार के साथ ही अधीनस्थों की कार्य प्रणाली का सच जानने की खातिर डीएम उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को इस बीच कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न कार्यालयों व परिसर का निरीक्षण किया। डीएम के किए गए इस आकस्मिक निरीक्षण को लेकर तमाम अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा। इस बीच उन्हें बीते वर्षों में बनाए कोविड कंट्रोल रूम की छत पर काफी गंदगी मिली। जिस पर उन्होंने इस गंदगी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एडीएम वित्त एवं राजस्व को सफाई कराने के निर्देश भी दिए। डीएम उमेश मिश्रा शुक्रवार को अपने कार्यालय से यूं एकाएक ही कलेक्ट्रेट परिसर के निरीक्षण के लिए निकल पड़े। एकाएक किए गए निरीक्षण के बीच डीएम उमेश मिश्रा सीधे कंट्रोल रूम में पहुंचे। यहां पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से हो रही कलेक्ट्रेट परिसर के साथ शहर के मुख्य चौराहों की निगरानी की व्यवस्था को उन्होंने देखने के साथ संतुष्टि व्यक्त की। सभी सीसीटीवी

कैमरे डीएम को संचालित मिले। डीएम ने बाद में कोविड कंट्रोल रूम की छत का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने छत पर पेड़ों के पत्तों की गंदगी को देखते हुए नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बीच एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार से इस बिल्डिंग के निर्माण से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने डीएम उमेश मिश्रा को जानकारी देते हुए बताया कि बिल्डिंग कोविड के दौरान बनी थी, जिसका प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटन किया गया था। इसके बाद डीएम ने एडीएम वित्त के कार्यालय तथा कलेक्ट्रेट के पुराने लोकवाणी भवन का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुलवामा हमले के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बुस.)। शुक्रवार को चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि साल 2019 के 14 फरवरी का दिन पूरे देश के लिए काला दिवस साबित हुआ था। इस दिन जम्मू-कश्मीर के जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर अवंतीपोरा के पास गोरीपोरा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकियों ने कार से हमला किया था। पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा किए गए इस हमले में सीआरपीएफ के 44 जवान शहीद हो गए थे। आतंकवादियों की इस कायराना हरकत से हर भारतीय की आंखें नम हो गई थीं और इस हमले ने पूरे देश को अंदर से हिलाकर रख दिया था। इसके कारण 14 फरवरी का दिन काला दिवस के रूप में मनाया गया और शहीदों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज इस हमले को छह साल हो गए हैं, लेकिन शहीद जवानों की कुर्बानी को देश कभी नहीं भूलेगा। हर साल 14 फरवरी को पूरे भारत में इन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है। पुलवामा हमला सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती थी, जिसका जवाब भारत ने मजबूती से दियार। यह दिन हमें उन बहादुर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये और शहीदों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 साल बेमिसाल

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। डीएम उमेश मिश्रा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत सरकुलर रोड पर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। वहीं उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत लोगों को जागरुक करने की खातिर प्रचार प्रसार वाहन, एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया। जनपद में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के 10 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में डीएम उमेश मिश्रा द्वारा पूर्व विधायक अशोक कंसल के साथ वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के बाद डीएम ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, महिला

कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, उप्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं वन स्टॉप सैंटर योजना के प्रचार-प्रसार/जनजागरूकता हेतु एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाई गयी। उक्त कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के प्रचार-प्रसार के लिए डीएम ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नगरीय क्षेत्र की छात्राओं के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया एवं प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में शामिल बालिकाओं को जिलाधिकारी द्वारा उपहार भेंट कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ. राजीव कुमार, आंकड़ा विश्लेषक सचिन कुमार, आउटरीच कार्यकर्ता संजय कुमार, अजय कुमार, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगरीय क्षेत्र, मुजफ्फरनगर की शिक्षिका राखी गोयल, ममता शर्मा व बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। पुरानी पेंशन बहाली मंच, अटेवा की ओर से शुक्रवार को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए अर्धसैनिक बलों की स्मृति में नुमाईश मैदान स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बीते 14 फरवरी 2019 को आतंकवादियों के कायराना हमले में भारत के 44 वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति मां भारती के चरणों में दी थी। अपने वीर सपूतों को याद करते हुए और उनको अपनी श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में शिक्षकों, कर्मियों, अधिकारियों, समाज-सेवकों एवं जनमानस ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को नुमाईश ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा के जिलाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा ने अमर वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत वीरों की भूमि है, जिसका हर नागरिक माँ भारती के चरणों में अपने प्राण न्योछावर करने को सदैव तैयार रहता है। आतंकवादियों के कायराना एवं वीभत्स हमलों का जवाब देने में हमारी सेना पूर्णतः सक्षम है। वीर सैनिकों के बलिदान को व्यर्थ जाने नहीं दिया जाएगा। हमारे बहादुर सैनिक देश को आतंकवाद मुक्त कराके ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन सैनिकों, अर्द्ध सैनिक बलों के बुढ़ापे का सहारा है। इसी पुरानी पेंशन के बल पर ये लोग अपना जीवन स्वाभिमान के साथ जी सकते हैं। नई पेंशन व्यवस्था बाजार आधारित है और पूर्णत व्यापारियों के हाथों में है। यह व्यवस्था सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में पूर्णतः असमर्थ हैं। अर्धसैनिक बलों की पुरानी पेंशन बहाल करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डॉ. दीपक गर्ग ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के अर्द्धसैनिक बल के इन जवानों को पुरानी पेंशन जल्द से जल्द दी जानी चाहिए। इस दौरान यशपाल अरोरा, मनोज कुमार, सुनील पंवार, ऊषा रानी, मोनिका राठी, संध्या रानी, प्रियंका शर्मा, दिनेश कश्यप, महेंद्र सैनी, दिवाकर शर्मा, एनके तोमर, रमेश चंद, सार्थक शर्मा, प्रमोद बच्चस आदि का सहयोग रहा।

जिला उज्ज्वला समिति की बैठक में पात्रों को किया जागरुक

- जरुरत पड़ने कर पात्र करें 9130009677 पर जानकारी

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला उज्ज्वला समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जिला नोडल अधिकारी (उज्ज्वला)/विक्रय अधिकारी, बीपीसी क्षेत्र मुजफ्फरनगर, अन्य कंपनियों के विक्रय अफसरों के साथ जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा भी प्रतिभाग किया। इस दौरान 1235 उज्ज्वला कनेक्शनधारक ऐसे संज्ञान में लाये गये, जिन्होंने वर्ष 2016 से मार्च, 2023 तक अर्थात उज्ज्वला कनेक्शन लेने के उपरान्त एक बार भी सिलेण्डर रिफिल नहीं कराया, जबकि उन्हें अपना ई-केवाईसी कराना भी अनिवार्य था। एडीएम वित्त ने बताया कि उज्ज्वला के ऐसे कनेक्शनधारक, जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद एक बार भी सिलेंडर रिफिल नहीं कराया है, तत्काल सम्बन्धित गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर अपना ई-केवाईसी करा लें। अन्यथा भविष्य में उनके विरूद्ध कम्पनी की गाईड लाईन्स के अनुसार अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने बताया कि इससे जुड़ी अधिक जानकारी के लिए कृष्ण कुमार गुप्ता, जिला नोडल अधिकारी (उज्ज्वला)/विक्रय अधिकारी, बीपीसी मुजफ्फरनगर दूरभाष संख्या-9130009677 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

शाहपुर क्षेत्र के गांव शाहजुड्डी में देशवाल खाप के चौधरी को दी गई अश्रु पूरित श्रद्धांजलि

- बालियान खाप के मुखिया चौधरी नरेश टिकैत, सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान समेत सैकड़ों पहुंचे
- 93 वर्षीय देशखाप के स्वर्गीय चौधरी ने समाज हित में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

शाहपुर, 14 फरवरी (बु.)। देशवाल खाप के चौधरी राजेंद्र सिंह का 93 वर्ष की उम्र में बृहस्पतिवार को उनके आवास पर निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों सहित गणमान्यों ने उनके आवास पर पहुँच शोक संवेदना व्यक्त की। शुक्रवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में खाप चौधरियों सहित आस पास के गांवों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। गांव शाहजुड्डी निवासी चौधरी राजेन्द्र सिंह देशवाल खाप के चौधरी थे। बृहस्पतिवार को सायंकाल के समय अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। चौधरी अपने तीन पुत्रों व चार पौत्रों का हरा-भरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र सहित देशवाल खाप में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में पहुंचे भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत, सर्व खाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान, बुड़ियान खाप चौधरी सचिन, घणघस खाप चौधरी सुखपाल सिंह, जितेंद्र थाम्बेदार, अहलावत खाप चौधरी गजेंद्र सिंह ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए। उनके ज्येष्ठ पुत्र चौधरी शरणवीर सिंह ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। सपा के वरिष्ठ नेता सतेंद्र पाल, मा. अनेश कुमार, मा. रामपाल सिंह, डॉ. लोकेन्द्र बालियान, बबलू बालियान, भाकियू नेता सोनू काबा, कुलदीप राठी कैन मैनेजर खतौली, जिला पंचायत सदस्य युनूस चौधरी, संजीव देशवाल, नरेंद्र प्रमुख जानसठ, राजकुमार तोमर सहित आस-पास गांव के सैकड़ों लोगों ने उनकी अंतिम यात्रा में भाग लिया। क्षेत्र के गांव शाहजुड्डी निवासी देशवाल खाप के चौधरी राजेन्द्र सिंह देशवाल का गुरुवार को निधन हो जाने से गांव के अलावा क्षेत्र व खाप पंचायतों में शोक व्यापत है। सरल स्वभाव व स्पष्टवादी, गांव, क्षेत्र व अन्य स्तर की राजनीति से दूर, हर वर्ग का सम्मान करने वाले चौधरी राजेन्द्र सिंह देशवाल मात्र 13 वर्ष ही चौधरी रह सके। उससे 125 वर्ष पूर्व उनके परदादा अमीचंद देशवाल के बाद कोई चौधरी नहीं रहा था, जिसको लेकर देशवाल खाप के जिम्मेदार लोग लंबे समय तक असमंजस में रहे थे। क्षेत्र के गांव शाहजुड्डी निवासी व देशवाल खाप के चौधरी बाबा राजेंद्र सिंह का निधन समाज विभाग के लिए बड़ी क्षति है। देशवाल खाप ने सवा सौ साल बाद अपना चौधरी तलाश कर वर्ष 2012 में उन्हें देशवाल खाप के चौधरी की पगड़ी सौंपी थी, जोकि मात्र 13 वर्षों तक ही संभाल पाए, उसके बाद उनका गुरूवार को निधन हो गया अपने खाप चौधरी के कार्यकाल में उन्होंने समाज सुधार व खाप में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए अप्रत्याशित कार्य किया, उनका सबसे महत्वपूर्ण कार्य कन्या भ्रूण हत्या रोकना था, जिसके लिए उन्होंने वर्ष 9 सितंबर 2012 को पगड़ी पहनने से लेकर अब तक गांव समाज की जिस परिवार में दो या दो से अधिक लड़कियां है, उन्हें सम्मानित करने के लिए लाड़ली योजना चलाई थी, जिससे लड़कियों के प्रति परिवार वाले प्रोत्साहित हो सके। इसके अलावा समाज में मृत्यु भोज को उन्होंने बहुत बड़ी कुरीति के रूप में लेकर बड़े स्तर पर कार्य किया। उन्होंने हमेशा मृत्यु भोज का विरोध किया और कई बार खाप देशवाल खाप व सर्वखाप की पंचायतों में भी कन्या भ्रूण हत्या

व मृत्यु भोज के खिलाफ बोलकर समाज को संदेश दिया। उन्होंने दिल्ली से सटे हरियाणा में देशवाल खाप के बड़े-बड़े जत्थों में चल रही वर्चस्व की जंग को लेकर उनमें समझौता करवाने का अनेकों बार प्रयास किया। आगामी 23 फरवरी को हरियाणा में देशवाल खाप के दो गुटों में समझौता करवाने को पंचायत निर्धारित की गई थी। उनके अथक प्रयास से हरियाणा में देशवाल खाप में प्रधान पद को लेकर चल रही वर्चस्व की जंग में कई बार गोलीबारी व रंजिश को काफी हद तक कम कर दिया था। देशवाल खाप के चौधरी बाबा राजेंद्र सिंह के पुत्र शरणवीर सिंह बताते हैं कि उनके पिता राजेंद्र सिंह को 9 सितंबर 2012 में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के सैकड़ों लोगों ने शाहजुड्डी में बड़े स्तर पर कार्यक्रम कर खाप चौधरी की पगड़ी सौंपी थी। देशवाल खाप के चौधरी की पगड़ी का इतिहास रहा कि लगभग 125 वर्ष पूर्व देशवाल खाप की पगड़ी गांव शाहजुड्डी में बाबा राजेंद्र सिंह के परदादा अमीचंद देशवाल के पास थी। वह ही देशवाल खाप के चौधरी थे। उनके निधन के बाद उनके छोटे भाई चूड़ा सिंह देशवाल को खाप का चौधरी बनाने के लिए पगड़ी पहनाने की रस्म की तैयारी चल रही थी, बताते हैं कि जिस दिन शाहजुड्डी में चूड़ा सिंह को युवावस्था में चौधरी की पगड़ी का कार्यक्रम था उससे एक दिन पूर्व युवा चूड़ा सिंह का निधन हो गया था, उस समय बड़े बुजुर्गों ने प्रसिद्ध विद्वानों ब्राह्मणों से राय लेकर खाप चौधरी का पद छोड़ दिया था और आगे किसी को न देने का मन बना लिया था तब से लेकर लगभग 125 साल बाद 9 सितंबर 2012 को कई प्रदेशों के देशवाल खाप के जिम्मेदार लोगों ने अथक प्रयास कर पता लगाया कि उनका उनके खाप का चौधरी गांव शाहजुड्डी में है।

जिसे तलाश कर उन्होंने इस परिवार की चौथी पीढ़ी के राजेंद्र सिंह को एक भव्य कार्यक्रम पर खाप चौधरी की जिम्मेदारी सौंपते हुए पगड़ी पहनाई थी। उन्होंने हमेशा समाज व खाप के लिए कार्य किया। बालियान खाप के चौधरी व भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के साथ उन्होंने जनपद क्षेत्र में खाप चौधरी बनने से पूर्व मिलकर कार्य किये। चौधरी बनने के बाद बालियान खाप से उनका देशवाल खाप का बड़े व छोटे भाई की तरह का रिश्ता रहा और वर्तमान में बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत तथा सर्वखाप पंचायत के मंत्री सुभाष बालियान सहित अन्य खापों से आपसी सहमति बनाकर समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका में अपना योगदान दिया। चौधरी राजेंद्र सिंह के निधन पर गांव शाहजुड्डी में ही नहीं बल्कि क्षेत्र व अन्य खापों में भी शोक की लहर है।

शुक्रवार को गांव शाहजुड्डी में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान, बालियान खाप के चौधरी व भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, क्षेत्र व जनपद के खापों के थाम्बेदारों सहित आसपास के जनपदों से अन्य खापों के भी चौधरी उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

सीडीओ ने मुख्यमंत्री युवा योजना में तेजी लाने के दिए निर्देश

- पीएनबी व एसबीआई की कार्य प्रणाली में सुधार के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से जुड़ी जानकारी साझा किए जाने के साथ सभी आवेदन पत्रों का निस्तारण किये जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। विकास भवन सभागार में संपन्न हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया ने इस बीच अधिकारियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (मुख्यमंत्री युवा) योजना से जुड़े आवेदनों एवं उनके निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से जैस्मिन जिला उपायुक्त उद्योग, अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं अन्य समस्त बैकों के शाखा प्रबंधकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैंकों को

प्रेषित किये गये आवेदन पत्रों की समीक्षा की गई जिसमें सभी बैंकों को कड़े निर्देश दिए कि समय के साथ सभी आवेदन पत्रों का नियमानुसार निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक में प्रेषित किए गए आवेदन पत्रों के संबंध कड़ी नाराजगी व्यक्त किए जाने के साथ ही व्यवस्था में सुधार लाने की नसीहत के साथ समय से सभी आवेदन पत्रों का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

डीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने सीखे सड़क सुरक्षा के मंत्र

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में किड्स सेक्शन के बच्चों ने सड़क एवं यातायात सुरक्षा के नियमों का पालन करने का पाठ सीखा। यूकेजी से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए आयोजित इस विशेष एक्टिविटी में नन्हे मुन्ने बच्चों को खेल-खेल में जीवन उपयोगी सड़क सुरक्षा के नियम समझाये गए। एक्टिविटी में बच्चे, सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं ट्रैफिक सिग्नल्स तथा वाहनों की वेशभूषा धारण करके आए। बच्चों ने ट्रैफिक लाइट्स ,जेबरा क्रॉसिंग, हेलमेट, सीट बेल्ट समेत सड़क सुरक्षा के नियमों के चार्ट के रूप में सजाकर ट्रैफिक नियम जानने, समझने, सीखने के साथ-साथ सभी को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का पालन करने की सीख भी दी। विशेष कार्यक्रम में एक्टिविटी इंचार्ज पारुल गोयल, रोहिणी अरोड़ा, रेनू शर्मा व पूनम यादव ने बच्चों को खेल-खेल में सड़क सुरक्षा नियम समझाए। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह

पूर्वक विभिन्न ट्रैफिक लाइट्स सिग्नल के संदेशों को समझा तथा उनका पालन करने की सीख ली। एक्टिविटी में बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के सड़क सुरक्षा के नियमों तथा ट्रैफिक सिग्नल्स के चार्ट तथा क्राफ्ट की प्रशंसा करते हुए सभी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन ने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए सभी से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस एक्टिविटी में क्लास यूकेजी से युग, अनाया, ख्याति, अयांश, तनिष्क, अंश पाल, देवांश, तनिष्क पाल, वाणी, क्लास फर्स्ट से यशस्वी, अविराज,शिवांश, समर्थ, युवी, बिलाल, मदिहा, प्रज्ञा, अनवी, ओजस्वी, दक्ष, रबीत, सिद्धि, राम,मोक्षिता, रूदवी, अहमद, अबान, वर्णिका ने सड़क सुरक्षा के सिग्नल्स के रूप में सजकर सभी को सड़क सुरक्षा के सिग्नल के संदेश समझाए तथा उनका पालन करने की सीख दी।

सार्वजनिक सूचना

मैं, किरण खत्री पत्नी अजय खत्री, निवासी 653 गली नं. 11, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर, यूपी, यह घोषित करती हूँ कि मुझे किरण खत्री और मीना खत्री दोनों नामों से जाना जाता है और ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मेरे सरकारी पहचान पत्र में मेरा आधिकारिक नाम किरण खत्री उर्फ़ मीना है। शपथ पत्र संख्या IN-UP98251260380334X के अनुसार, यह जानकारी सत्य है और इसमें कोई झूठा बयान नहीं दिया गया है। सभी संबंधितों से अनुरोध है कि इसे ध्यान में रखें।

सूचना न देने पर एक्सईएन विद्युत पर 25 हजार का जुर्माना

- दि ब्राह्मण ट्रस्ट के संयोजक ने आयुक्त से की थी शिकायत

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। जनसूचना न देने पर राज्य सूचना आयुक्त ने कार्रवाई करते हुए पॉवर कारपोरेशन एक्सईएन तृतीय अनूप सिंह पर 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। मालवीय चौक स्थित एमएम इंटर कॉलेज के फ्रंट पर बनी हुई 49 दुकानों के बिजली बिल के संबंध में योगेश शर्मा द्वारा जानकारी मांगे जाने पर विद्युत विभाग की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई थी, ऐसे में योगेश कुमार शर्मा ने सूचना के अधिकार का हवाला देते हुए इस मामले की शिकायत राज्य सूचना आयुक्त से की थी, जिसमें अधिकारी पर 25 हजार जुर्माना लगाया गया है। उधर, पावर

कारपोरेशन द्वारा की लापरवाही के चलते इस संबंध में एसडीएम सदर के आदेशानुसार तहसीलदार सदर ने अधिकारी के विरुद्ध इस मामले में रिकवरी मय पेनल्टी जारी की गई है। दि ब्राह्मण ट्रस्ट के संयोजक ब्रह्मपुरी निवासी योगेश कुमार शर्मा ने पावर कारपरेशन के एक्सईएन तृतीय अनूप सिंह से मालवीय चौक पर स्थित ब्राह्मण स्कूल के फ्रंट पर बनी 49 दुकानों के बिजली बिल के संबंध में पूर्व में सूचना मांगी थी। उन्होंने उक्त मालवीय चौक स्थित 49 दुकानों के बारे में विद्युत विभाग से मांगा था कि किस दुकान का बिजली का बिल किस नाम से है। विद्युत विभाग के एक्सईएन द्वारा उक्त सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इस संबंध में योगेश कुमार शर्मा ने राज्य सूचना आयुक्त से शिकायत की। इस मामले में राज्य सूचना आयुक्त ने जनसूचना अधिनियम 2005 की धारा 20 (1) के तहत एक्सईएन अनूप सिंह पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। राज्य सूचना आयुक्त ने उक्त धनराशि की वसूली करने के जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। उधर, पावर कारपोरेशन द्वारा की लापरवाही के चलते इस संबंध में एसडीएम सदर के आदेशानुसार तहसीलदार सदर ने अधिकारी के विरुद्ध इस मामले में रिकवरी मय पेनल्टी जारी की है।

साप्ताहिक बंदी को लेकर एसडीएम से मिले व्यापारी

बुढ़ाना, 14 फरवरी (बु.)। कस्बे में साप्ताहिक बंदी को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना उप जिला अधिकारी राजकुमार भारती से मुलाकात की। यहां पर व्यापारी नेता राजेश संगल ने उप जिलाधिकारी बुढ़ाना राजकुमार भारती को बताया कि बुढ़ाना कस्बे में सोमवार को साप्ताहिक बंदी का दिन तय है। साप्ताहिक बंदी के बाद भी बाजार में अधिकतर दुकानें खुली रहती है। कुछ दुकानदारों ने साप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकान खोलने का लाइसेंस लिया हुआ है। व्यापारियों ने बुढ़ाना उप जिला अधिकारी राजकुमार भारती को यह भी बताया कि व्यापार मंडल बुढ़ाना के सभी पदाधिकारी और सदस्य साप्ताहिक बंदी का पूर्ण रूप से पालन कराने में उनके साथ है। वे इसमें आपके निर्देशों के अनुसार ही कार्य करेंगे।

अदालत ने अमानतुल्लाह खान को 24 फरवरी तक अंतरिम संरक्षण दिया

नयी दिल्ली 14 फरवरी (वार्ता) दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान को 24 फरवरी तक अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। श्री खान ने 10 फरवरी को जामिया नगर में पुलिस टीम पर कथित रूप से हमला किया था। सांसद/विधायक मामलों के विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकील की ओर से दलीलें सुनने के बाद कहा, "यह अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि आवेदक ने सुनवाई की अगली तारीख तक अंतरिम संरक्षण के लिए मामला बनाया है। इस बीच आवेदक को जांच अधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार जांच में शामिल होने का निर्देश दिया जाता है।" अदालत ने आगे कहा, "जांच अधिकारी को घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त करने और आरोपों की प्रकृति और गंभीरता का निर्धारण करने के लिए प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है। अगली सुनवाई की तारीख तक आवेदक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाना चाहिए। 24 फरवरी 2025 को सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।"

मादक पदार्थों के साथ पकड़े गए आरोपी को दो साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। 14 सितम्बर 2014 को चैकिंग के दौरान मादक पदार्थों के साथ जानसठ कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी अरशद पुत्र रमजाने को पकड़ लिया गया था, जिसकी गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गयी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे-7 की कोर्ट दिव्या भार्गव की कोर्ट में हुई जहां डीजीसी राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट ने आरोपी को दो साल की सजा व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

फंदे पर झूलती महिला के पति, सास व ससुर को पुलिस ने भेजा जेल

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। 12 फरवरी की रात्रि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला साकेत कॉलोनी में एक विवाहिता जीनू रस्सी के फंदे पर झूलती मिली थी, जिसकी सूचना जीनू के भाई मेरठ निवासी सीनू को मिली, तो वह तुरन्त साकेत कॉलोनी पहुंचा तो उसकी बहन को दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारा गया। सीनू का आरोप था कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बहन की हत्या की है और मकान का दरवाजा बंद करके फरार हो गए हैं। सीनू ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति विकास, ससुर गंगाराम व सास पुष्पलता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

17 फरवरी को भाकियू कीया शोरूम मालिकों के खिलाफ करेगी बड़ी पंचायत

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। पिछले चार दिनों से मंसूरपुर रोड स्थित कीया शोरूम पर लगातार हंगामा चल रहा है। उक्त मामले में 2 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला सामने आता दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में शोरूम मालिकों ने अपनी जान बचाने के लिए 16 कर्मचारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें चार कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन के कुछ कार्यकर्ताओं के भी पैसे यहां फंसे हुए हैं, जिसमें शोरूम मालिक लगातार बेवकूफ बनाते हुए न तो पैसे लौटा रहा है और न ही गाड़ियों की डिलीवरी दी जा रही है। ऐसे में गुरूवार की शाम से शुक्रवार सुबह तक भाकियू का धरना जारी रहा मगर बाद में सीओ खतौली रामाशीष यादव के आश्वासन पर भाकियू ने धरना समाप्त करते हुए 17 फरवरी को समाधान न होने पर इस मामले में बड़ी पंचायत की घोषणा की।

विदेशी मुद्रा भंडार 7.7 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 638.3 अरब डॉलर पर

मुंबई 14 फरवरी (वार्ता) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति एवं स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.1 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 630.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.42 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 544.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.32 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 72.21 अरब डॉलर हो गया।

'आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र' पर भ्रामक विज्ञापन के लिए तीन लाख का जुर्माना

नयी दिल्ली 14 फरवरी (वार्ता) केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणाम के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन देने के लिए कोचिंग संस्थान आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और जन वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी भी वस्तु या सेवा का कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो। सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों के लिए अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को 46 नोटिस जारी किए हैं। सीसीपीए ने 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापन बंद करने का निर्देश दिया है।

सांसद अफजाल अंसारी पर धार्मिक भावना भड़काने का मुकदमा दर्ज

गाजीपुर, 14 फरवरी (वार्ता) महाकुंभ स्नान को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले सांसद अफजाल अंसारी पर एक बार फिर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में 13 फरवरी की रात में शादियाबाद थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस के अनुसार गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन देवप्रकाश सिंह ने शादियाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। उनकी शिकायत है कि 12 फरवरी को शादियाबाद चौराहे पर गुरू रविदास महाराज जी जनसेवा संस्थान ट्रस्ट शादियाबाद के तत्वावधान में रविदास जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अफजाल अंसारी थे। उन्होने अपने भाषण के दौरान महाकुंभ को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की है। जिससे उनकी व सनातन धर्म को मानने वाले लोगो की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। शादियाबाद पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट बीएनएस की धारा-299, 253(2) में सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज हो गया है, आगे की आवश्यक कार्यवाही हो रही है। गौरतलब है कि इसके पहले भी सांसद अफजाल अंसारी ने महाकुंभ पर साधुओं के गांजा के सेवन को लेकर बयान दिया था, उस मामले में भी मुकदमा दर्ज हुआ था।

पूर्व विधायक को जान से मारने की धमकी

शाहजहांपुर 14 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में जलालाबाद विधान सभा के पूर्व विधायक को एक युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर तीन महीने में हत्या करने की धमकी दी है। युवक ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उसने दो लोगों की हत्या करने के लिए 20 लाख रूपये की फिरौती ली है।पुलिस ने पूर्व विधायक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पोस्ट करने वाले आरोपी को ट्रेस कर लिया है। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक शरद वीर सिंह ने शुक्रवार को कहा ह्र जलालाबाद विधान सभा क्षेत्र के थाना मिर्जापुर निवासी सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने 13 फरवरी को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था जिसमें लिखा था कि तीन महीने में मेरी हत्या कर देगा। जिसके लिए मैने 20 लाख रूपये की सुपारी ली है। जिस युवक ने मुझे जान से मारने की पोस्ट डाली है मैं उसको नहीं जानता हूं।

ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों पर सौ प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी

नयी दिल्ली 14 फरवरी (वार्ता) डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों पर शत-प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की धमकी दी है। जिसमें भारत एक प्रमुख सदस्य है। श्री ट्रम्प ने धमकी दी है कि अगर वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने का फैसला करते हैं तो वह उन पर सौ प्रतिशत आयात शुल्क लगा देंगे। उन्होंने वाशिंगटन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "ब्रिक्स को एक बुरे उद्देश्य के लिए बनाया गया था और उनमें से अधिकांश लोग इसे नहीं चाहते हैं... मैंने उनसे कहा कि अगर वे डॉलर के साथ खेलना चाहते हैं तो उन्हें 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। जिस दिन वे कहेंगे कि वे ऐसा करना चाहते हैं वे वापस आएंगे और कहेंगे हम आपसे विनती करते हैं कि ऐसा न करें।" श्री ट्रम्प ने इससे पहले जनवरी में भी ब्रिक्स देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी कि अगर वे अमेरिकी डॉलर के लिए वैकल्पिक मुद्रा पेश करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा था,"यह विचार कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं जबकि हम खड़े होकर देखते हैं, खत्म हो चुका है। हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे अन्यथा उन्हें शत प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा और उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बिक्री को अलविदा कहने की उम्मीद करनी चाहिए।" ब्रिक्स में 10 देश शामिल हैं जिनमें ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूसी संघ, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात है।

अब एमआईटूसी कंपनी के खिलाफ डीएम से शिकायत

कंपनी से निकाले कर्मचारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन ▶ कंपनी पर करोड़ों की हेरोफेरी की जांच कराने की उठाई मांग

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। नगरीय क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था को सुधारने की दिशा में नगरपालिका परिषद् के साथ काम कर रही एमआईटूसी कंपनी के एक दर्जन से अधिक कर्मियों को नौकरी से निकाल दिए जाने के कारण नगर में विरोध के स्वर मुखर हैं। शुक्रवार को मुख्यालय पहुंचे इन कर्मचारियों ने डीएम से मिलकर अपनी पीड़ा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई। डीएम दरबार पहुंचे इन कर्मचारियों ने डीएम को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से उक्त कंपनी पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। साथ ही पूर्व में नौकरी से निकाले कर्मचारियों को काम वापस दिलाए जाने की मांग की।

नगरपालिका के साथ अनुबंध के आधार पर नगर क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ कुकुरमुत्ते की तरह बनाए गए डलावघरों को समाप्त किए जाने की खातिर दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी के साथ काम शुरू किया। कूड़ा निस्तारण के लिए काम कर रही कंपनी के साथ करीब 300 कर्मी लगे हुए हैं। बीते दिनों वेतन भुगतान की मांग को लेकर जारी हड़ताल और तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए कंपनी द्वारा 10 चालकों और 3 सुपरवाईजरों को नौकरी से हटा दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने भी कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। वो आरोप लगा रहे हैं कि कंपनी के लोगों ने यूजर चार्ज, ईएसआई, पीएफ आदि में करोड़ों रुपये का घपला करने के आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को इन्हीं गंभीर आरोपों को लेकर कर्मचारी डीएम उमेश मिश्रा से कलेक्ट्रेट में मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा शहर में बनाए जोन 03 में यूजर चार्ज वसूलने के बाद सुपरवाईजरों ने उक्त कंपनी कार्यालय पर जमा करा दिया, पर इसके बाद भी उन पर पैसा बकाया दिखाया जा रहा है। जोन इंचार्ज कुलदीप पुण्डीर, अनुभव त्यागी और निशांत प्रजापति पर कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वो सुपरवाइजरों से हर माह रुपये मांगते हैं। वेतन समय से नहीं दिया जाता। देयकों की कटौती वेतन से करने के बाद भी वो पैसा संबंधित मद में उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ईएसआई मद में कटौती का लाभ भी कर्मियों को नहीं मिल रहा है। इस धनराशि में कंपनी और उसके साथ काम कर रहे कुछ लोग घालमेल कर रहे हैं। कर्मचारियों ने डीएम से इस मामले की जांच कराये जाने की मांग की है। इस दौरान मुख्य रूप से संदीप, जितेन्द्र, संजय, अंश, आजाद, संदीप कुमार, ओमवीर सिंह समेत दर्जनों अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

मंत्री अनिल कुमार से मिले विद्युत विभाग के अधिकारी

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। गर्मी की दस्तक के बीच शुक्रवार को नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत होने वाले विद्युत संबंधी विकास कार्यों को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पुरकाजी के विधायक एवं यूपी सरकार में मंत्री अनिल कुमार से उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने मंत्री अनिल कुमार से मिलते हुए नगर क्षेत्र में होने वाले विद्युत विभाग की ओर से होने वाले कार्यों के साथ इससे जुड़ी अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आगामी दिनों में नगरीय क्षेत्र में होने वाले विद्युत संबंधी विकास कार्यों से मंत्री अनिल कुमार को अवगत कराते हुए सुझाव प्राप्त किए। शुक्रवार को नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले विद्युत सम्बन्धी विकास कार्यों से मुख्य अभियंता पवन कुमार अग्रवाल और विद्युत नगरीय वितरण खंड टाउनहाल, मुजफ्फरनगर के अधिशासी अभियन्ता डीसी शर्मा ने पुरकाजी विधायक एवं योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार से अंकित विहार स्थित आवास पर मिलकर विद्युत विभाग की ओर से शुरू नगर क्षेत्र की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ विद्युत विभाग के अफसरों ने आगामी दिनों में किए जाने वाले विद्युत संबंधी विकास कार्यों से कैबिनेट मंत्री को अवगत कराया। इससे पूर्व बीते दिवस विद्युत विभाग के अधिकारी राज्यमंत्री कपिल देव से उनके आवास पर मिले थे।

गर्मी की दस्तक से पहले बिजली की किल्लत न उठानी पड़े, इसके लिए पूर्व योजना बनाते मंत्री अनिल व विद्युत विभाग के अधिकारी

किसानों के साथ बैठक फिर बेनतीजा, अब 22 को मिलेंगे

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसी)। केंद्र सरकार और आंदोलनकारी किसानों के प्रतिनिधिमंडल की शुक्रवार को चंडीगढ़ में 5वें दौर की मीटिंग भी बेनतीजा रही। मीटिंग में 28 किसान नेता शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत पर चिंता जताई। करीब साढ़े तीन घंटे चली मीटिंग में कोई हल नहीं निकला। मीटिंग के बाद डल्लेवाल ने कहा कि मीटिंग पॉजिटिव रही। अब अगली मीटिंग 22 फरवरी को होगी। 22 तारीख की मीटिंग में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद होंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि किसान नेताओं के साथ हमारी अच्छे माहौल में मीटिंग हुई। हमने किसान नेताओं की सभी मांगें सुनीं। हमने उन्हें किसानों के लिए बजट में लिए गए फैसलों के बारे में बताया। 22 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में फिर बैठक होगी। बता दें कि किसान हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी, 2024 से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था को धार देने वाला राज्य है उत्तर प्रदेश : नितिन गडकरी

लखनऊ, 14 फरवरी (वार्ता) केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए पहली पसंद बन रहा है और यह देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। श्री गडकरी ने लखनऊ में आयोजित 1028 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी में रामराज्य स्थापित करने में सफलता हासिल की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरू व पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का लक्षय रखा गया है और इसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका अहम होगी। यदि सड़क, जल, ऊर्जा, परिवहन और संचार की व्यवस्थाएं मजबूत होंगी, तो उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, पूंजी निवेश आकर्षित होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं और एक लाख करोड़ रुपये की योजनाएं पाइपलाइन में हैं। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का निर्माण देश में पहली बार 'ऑटोमेटेड इंटेलिजेंट मशीन एंड गाइडेड कंस्ट्रक्शन' तकनीक से किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता बेहतर होगी और 10 वर्षों तक उस पर कोई गड्ढा नहीं बनेगा। इसके अलावा, पूर्वांचल को औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए वाराणसी से कोलकाता और गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक 75 हजार करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि इन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण और पर्यावरणीय स्वीकृतियों को शीघ्रता से पूरा किया जाए, जिससे इनका काम जल्द शुरू किया जा सके।

शाहपुर क्षेत्र में 10 किलोमीटर लंबे मार्ग का होगा चौड़ीकरण, विधायक राजपाल बालियान द्वारा किया गया शिलान्यास

भाकियू सुप्रीमो नरेश टिकैत, चेयरमैन अकरम कुरैशी भी रहे उपस्थित

शाहपुर, 14 फरवरी (बु.)। क्षेत्रीय रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने सोरम , गोयला मंडावली जाने वाले 10 किमी लंबे मार्ग के चौड़ीकरण का शिलान्यास किया। क्षेत्रीय रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने शुक्रवार को गांव सोरम , गोयला होकर गांव मंडावली जाने वाले 10 किमी लंबे मार्ग के चौड़ीकरण का शिलान्यास किया । इस सड़क के चौड़ीकरण की अनुमानित लागत करीब 14 करोड़ रुपए है । इस मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा । रालोद विधायक ने बताया कि इस मार्ग के चौड़ीकरण होने से विभिन्न गांव के लोगों को लाभ मिलने के साथ-साथ आम जनता को भी लाभ मिलेगा तथा यात्रा सुगम होगी । इस दौरान भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत जिला पंचायत सदस्य यूनुस चौधरी , अंकित बालियान, गज्जू पठान, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, गांव सोरम के प्रधान करणवीर सिंह, गांव गोयला के प्रधान धर्मपाल सिंह, हाजी शाहिद त्यागी, डॉ. लोकेंद्र बालियान, कबड्डी कोच मास्टर रामपाल सिंह, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, अब्दुल कलाम अंसारी व आसिफ सलमानी आदि मौजूद रहे।

30 किलोग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर, 14 फरवरी (वार्ता) पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने इस साल की सबसे बड़ी हेरोइन की बरामदगी करते हुये 30 किलोग्राम हेरोइन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार करके सीमा पार से तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस महानिदेशक पंजाब गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान गुरसिमरनजीत सिंह उर्फ सिमरन निवासी बासर्के गिलां, घरिंडा, अमृतसर के रूप में हुई है। हेरोइन की बड़ी खेप बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने उसकी फोर्ड फिएस्टा कार, जिसमें वह खेप डिलीवर करने जा रहा था, को भी जब्त कर लिया है। श्री यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गुरसिमरनजीत सिह बड़े पैमाने पर हेरोइन तस्करी में शामिल था और यह रिपोर्ट मिली थी कि उसने हाल ही में सीमा पार से तस्करी की गयी हेरोइन की एक बड़ी खेप प्राप्त की थी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह भी पता चला है कि पाकिस्तान आधारित तस्करों ने नशे के पदार्थों की यह खेप ड्रोन के माध्यम से भेजी थी। डीजीपी ने कहा कि इस रैकेट में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिये जांच जारी है।

मोदी और शाह ने पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली 14 फरवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2019 में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा, ह्र वर्ष 2019 में पुलवामा में जान गंवाने वाले बहादुर नायको को श्रद्धांजलि। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण को कभी भुला नहीं पाएंगी। श्री शाह ने अपने संदेश में कहा, ह्र साल 2019 में आज के ही दिन पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। आतंकवाद समूची मानव जाति का सबसे बड़ा दुश्मन है और इसके खिलाफ पूरी दुनिया संगठित हो चुकी है। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक, मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति से अभियान चलाकर उनके समूल नाश के लिए संकल्पित है।

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार से 26 परीक्षा केंद्रों पर होगी शुरू

मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन यानि सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा शनिवार से शुरू हो रही हैं। इस कड़ी में शनिवार को जनपद के 26 परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराने की बोर्ड ने तैयारी की है। बोर्ड परीक्षा के बीच शनिवार को 10वीं में अंग्रेजी कम्यूनिकेटिव और अंग्रेजी भाषा व साहित्य विषय की परीक्षा होगी, जबकि 12वीं का पहला पेपर एंटरप्रेन्योरशिप का है। 12वीं की मुख्य थ्योरी विषय की परीक्षाएं 21 फरवरी से भौतिकी के साथ होगी। जिले में विभिन्न केंद्रों पर होने वाली परीक्षा में 10वीं और 12वीं में हजारों छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग प्लान समेत अन्य व्यवस्थाएं देर शाम तक दुरुस्त की गई। सीबीएसई परीक्षा में छात्र-छात्राओं को सुबह नौ बजे से परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। 10 बजे के बाद आने वालों को किसी सूरत में प्रवेश नहीं मिलेगा। सीबीएसई बोर्ड की शनिवार को होने वाली इस परीक्षा में उत्तराखंड के 13 जिलों के साथ यूपी के आठ जिले शामिल किए गए हैं। सीबीएसई के देहरादून रीजन में उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के अलावा वेस्ट यूपी के आठ जिले बदायूं, बिजनौर, ज्योतिबा फुले नगर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर और संभल शामिल हैं।

राहुल गांधी और प्रियंका 19 या 20 फरवरी को कर सकते हैं संगम स्नान

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसी)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी 19 या 20 फरवरी को संगम में डुबकी लगा सकते हैं। हालांकि किसी नेता ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। उनके आने का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। कांग्रेस नेता संगम में स्नान करने के बाद मौनी अमावस्या हादसे में जान गंवाने वालों के घर सांत्वना देने भी जा सकते हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा सांसद प्रियंका गांधी भी संगम में डुबकी लगाएंगी। इन नेताओं के 19 या 20 फरवरी को स्नान करने की संभावना है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के संगम स्नान की कवायद कई दिनों से चल रही है। शुक्रवार को चर्चा रही कि दोनों नेता 16 फरवरी को स्नान के लिए आ रहे हैं, लेकिन पार्टी के स्थानीय नेताओं ने राहुल गांधी के इस तरह के किसी कार्यक्रम से अनभिज्ञता जताई। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी महाकुंभ के आखिरी स्नान पर्व शिवरात्रि यानि, 26 फरवरी से पहले संगम स्नान करेंगे, लेकिन फिलहाल तारीख तय नहीं है।

बरेली में सौ करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी

बरेली, 14 फरवरी (एजेंसी)। सितारगंज फोरलेन हाईवे और पश्चिमी रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण करने के लिए मूल्यांकन में हेराफेरी कर सौ करोड़ से ज्यादा का घोटाला करने के मामले में कई लेखपाल और अमीनों पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है। बृहस्पतिवार को दो पीसीएस अधिकारियों के निलंबन के बाद उनके खिलाफ जल्द कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है। कमिश्नर और डीएम की ओर से कराई गई जांच में लेखपाल आशीष कुमार, मुकेश कुमार, विनय, दिनेश चंद्र, विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय के तत्कालीन अमीन अनुज वर्मा, गांव बिलहरा माफी और मुडलिया गोसू के लेखपाल मुकेश गंगवार, हेमंत डांडी के लेखपाल तेजपाल, ग्राम भैंसहा के लेखपाल ज्ञानदीप गंगवार, उगनपुर के लेखपाल मुकेश मिश्रा, अमरिया के लेखपाल विनय कुमार और दिनेश चंद्र और ग्राम हुसैन नगर एवं सरदार नगर के लेखपाल आलोक कुमार को भी दोषी पाया गया था।

यूपी को महाकुम्भ से तीन लाख करोड़ का आर्थिक लाभ: योगी

लखनऊ, 14 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि महाकुंभ के आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में करीब तीन लाख करोड़ रुपये की वृद्धि का अनुमान है। श्री योगी ने कहा कि महाकुम्भ न केवल आस्था का महापर्व है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अनुमान लगाया कि इस आयोजन से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कुंभ पर खर्च को लेकर सवाल उठाते हैं, लेकिन यह निवेश प्रयागराज के संपूर्ण पुनरुद्धार के लिए किया गया है। महाकुम्भ पर कुल 1500 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन इसके बदले में उत्तर प्रदेश को तीन लाख करोड़ रुपये का लाभ होने जा रहा है। यह आयोजन पर्यटन और व्यापार को भी बड़ा प्रोत्साहन देगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 4 लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल हैं। कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपये की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रो शहरों की तरह विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। योगी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिफेंस कॉरिडोर के तहत लखनऊ में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण परियोजना को आगे बढ़ाने से लेकर झांसी में बड़े प्रोजेक्ट्स को लाकर यूपी को डिफेंस निर्माण का केंद्र बनाने में रक्षा मंत्री का योगदान अमूल्य है। लखनऊ के समग्र विकास पर चर्चा करते हुए उन्होने बताया कि स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर लखनऊ को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है। ग्रीन कॉरिडोर, किसान पथ, इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी परियोजनाएं लखनऊ को विश्व स्तरीय शहर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इसके अलावा, यमुना एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ते हुए लखनऊ को ट्रांसपोर्ट हब बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के ऐतिहासिक आयोजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ 2025 में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो उत्तर प्रदेश की शक्ति और व्यवस्थागत कुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ में लोगों की सैंकड़ों वर्षों से दबी हुई भावनाओं को सम्मान मिल रहा है। योगी ने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन स्थल रक्षा मंत्रालय की भूमि पर होता है और पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार को यह भूमि लीज पर सहजता से प्राप्त हो रही है।

मण्डप का ताला तोड़कर लाखों की चोरी प्रकरण में पुलिस के हाथ अभी भी खाली

खतौली, 14 फरवरी (बु.)। गत दिनों अज्ञात चोरों द्वारा सब्जी मण्डी के सामने स्थित जगदीश विवाह मण्डल के ताले तोड़कर मण्डप स्थल से लाखों रुपये की कीमत का सामान चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसको लेकर विवाह मण्डप मालिक अंशुल द्वारा तत्काल 112 डायल को चोरी के सम्बंध में सूचना दी गयी थी, परन्तु पुलिस द्वारा घटना के सबंध में कोई ठोस कार्यवाही न किये जाने पर मण्डप मालिक द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद किये जाने गुहार लगाई है।

महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र बना 'जल कलश'

महाकुम्भ नगर 14 फरवरी, (वार्ता) महाकुम्भ के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर कई अनूठे प्रयोग किए गए हैं। इसी कड़ी में जल कलश पहल महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसकी स्थापना अरैल घाट सेक्टर 24 निषाद राज मार्ग में की गई है। जल कलश में कुम्भ क्षेत्र में प्रयोग की गई पानी की बोतलों को इकट्ठा किया गया है और इन बोतलों को रिसाइकिल करके उपयोग में लाया जायेगा, जिससे प्रकृति में इन प्लास्टिक की बोतलों का दुष्प्रभाव न पड़ सके। अभियान के दौरान 20 हजार से अधिक प्लास्टिक की बोतलें एकत्र की गई हैं। नमामि गंगे मिशन के पूर्व महानिदेशक जी अशोक कुमार के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के सहयोग से जल कलश पहल को शुरू किया गया है। जल कलश पहल एक से 20 फरवरी तक एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स द्वारा आयोजित 20-दिवसीय अभियान है। स्थानीय स्तर पर आदर्श सेवा समिति व मंगल भूमि फाउंडेशन इस पहल में सहयोग कर रही हैं। जी अशोक कुमार कहते हैं कि महाकुम्भ को हरित महाकुम्भ बनाने की दृष्टि से कुंभ क्षेत्र में उपयोग की गई प्लास्टिक की बोतलों को कलेक्ट करके हमने छोटा सा प्रयास हरित कुम्भ की ओर किया है। इस कुंभ क्षेत्र में जल कलश की स्थापना कर यह संदेश दिया गया है कि मां गंगा की अविरलता और निर्मलता में यह प्लास्टिक बाधा है। इन प्लास्टिक की बोतलों को एक कलश में रखकर यह दर्शाने की कोशिश की गई है कि प्लास्टिक को गंगा और गंगा के क्षेत्र में नहीं जाने देना है, जिससे हमारी गंगा अविरल और निर्मल रहे।

व्यापारी से साइबर ठगी

खतौली, 14 फरवरी (बु.)। पुलिस प्रशासन के दावों के बाद साइबर अपराधों पर अंकुश न लगने के क्रम में नगर के व्यापारी युवक को फोन कर लगभग 55 हजार रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के जीटी रोड इस्लामनगर कॉलोनी निवासी अनुज जैन पुत्र सतेन्द्र जैन द्वारा कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि गुरूवार को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई थी, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपने को बैंक अधिकारी बताते हुए उसके क्रेडिट कार्ड के सम्बंध में बातचीत की थी। पीड़ित अनुज जैन ने बताया कि उसके बाद उसका फोन हैक कर लिया गया तथा क्रेडिट कार्ड से दो बार में क्रमशः 50268, 5109 उसके खाते से निकाल लिये गए। अनुज ने बताया कि साइबर ठगी किये जाने की जानकारी होते ही उसके द्वारा तत्काल साइबर क्राइम सेल व सम्बंधित एचडीएफसी बैंक को इसकी जानकारी दी। ठगी की घटना से पीड़ित अनुज जैन ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में तत्काल कार्यवाही की गुहार लगाई है।